गोपाष्टमी कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर पशुधन प्रक्षेत्र में आज दिनांक 15.11.2018 को गोपाष्टमी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में माननीय कुलपति, डॉ. प्रयाग दत्त जुयॅाल जी द्वारा प्रक्षेत्र स्थित गायों को तिलक लगाकर पूजन कार्यक्रम किया गया। उसके पश्चात गुड व चना इत्यादि खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। अधिष्ठाता डॉ. आर.पी.एस. बघेल द्वारा गौ के महत्व एवं गोपाष्टमी के बारे में विस्तत जानकारी दी गयी। माननीय कुलपति जी द्वारा गाय के महात्मय पर प्रकाश डालते हुये, पंचगव्य, गाय के गोबर का गावों में इंधन के रुप में, व आर्गेनिक फार्मिंग के लिये उपयोग हेतु विस्तृत चर्चा की इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि पंचगव्य के उत्पादन हेतु केन्द्र खोले जाने एवं जैविक खाद के उत्पादन में विश्वविद्यालय को अग्रणी होकर किसानों के हित में कार्य करना है। इसके अलावा देशी गाय के दूध की महत्ता एवं उसमें पाये जाने वाले ए2 प्रोटीन का मानव स्वास्थ्य के बारे में वर्णन किया। कार्यक्रम में छात्रों के अतिरिक्त संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. जे.के. भरद्वाज, अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन व पशुधन प्रक्षेत्र प्रमुख डॉ. जी.पी. लखानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया।